भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान

बरहमपुर भोपाल कोलकाता मोहाली पुणे तिरूवनंतपुरम तिरूपति

बीएस उपाधि एवं बीएस–एमएस (द्वि–उपाधि) पाठ्यक्रम हेतु प्रवेश सूचना

IISER BERHAMPUR · IISER KOLKATA · IISER PUNE · IISER THIRUVANANTHAPURAM · IISER TIRUPATI

अन्वेषणशील युवाओं के लिए विज्ञान शिक्षा का एक आकर्षक अवसर

आईआईएसईआर

भारत सरकार ने अंतर्विषयी विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान को एकीकृत करने एवं इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरहमपुर, भोपाल, कोलकाता, मोहाली, पुणे, तिरूवनंतपुरम एवं तिरूपति में आईआईएसईआर की स्थापना की। बीते वर्षों के दौरान, आईआईएसईआर ने प्रतिभाशाली युवाओं को अपनी ओर सफलतापूर्वक आकर्षित किया है। आईआईएसईआर का प्रधान उद्देश्य है विज्ञान में अनुसंधान के माध्यम से सामाजिक समस्याओं के स्थायी निराकरण के अन्वेषण एवं कार्यान्वयन से छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए समर्थ बनाना। प्रतिभाशाली छात्रों के साथ मिलकर हमारे अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्राध्यापकों द्वारा इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा रहा है। एक अल्पावधि में, आईआईएसईआर ने प्रकाशन एवं पेटेंट के रूप में बौद्धिक संपदा की उल्लेखनीय मात्रा तैयार की है।

प्रमुखता

- विज्ञान के सीमांत क्षेत्रों में अनुसंधानरत एवं अध्यापन उत्साह से भरे बहुत सक्षम एवं प्रेरित प्राध्यापक।
- एकीकृत स्नातकस्तरीय अध्यापन एवं अत्याधुनिक अनुसंधान।
- पाठ्यक्रम की शुरूआत से ही विश्वस्तरीय अनुसंधान प्रयोगशालाओं की सुविधा।
- अनुसंधान प्रशिक्षण एवं एम.एस. शोध प्रबंध के लिए एक वर्षीय अंतर्विषयी अनुसंधान का प्रावधान।

बीएस# एवं बीएस–एमएस द्वि–उपाधि पाठ्यक्रम

- अभिप्रेरित विज्ञान छात्रों के लिए पांच वर्षीय द्वि–उपाधि पाठ्यक्रम।
- अंतर्विषयी संवाद के पर्याप्त अवसर प्रदान करते हुए अनुसंधान से एकीकृत कक्षागत प्रशिक्षण।
- विज्ञान, अभियांत्रिकी एवं आर्थिक विज्ञान में गहन एवं व्यापक पाठ्यचर्या#।
- प्रभावपूर्ण अनुसंधान के अवसर।
- सुसज्जित छात्रावास युक्त पूर्णतया आवासीय पाठ्यक्रम।
- परिसर में चिकित्सा, खेल एवं अन्य मनोविनोद सुविधाएं।

#अभियांत्रिकी एवं आर्थिक विज्ञान में चार वर्षीय बीएस पाठ्यक्रम– केवल आईआईएसईआर भोपाल में।

पात्रता शर्तें*

ऐसे उत्तीर्ण अभ्यर्थी (2018 एवं 2019 में) जो विज्ञान विषय से कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में शीर्ष 20 प्रतिशतता स्थान में आए हों, निम्न में से एक अथवा अधिक चैनल से प्रवेश के पात्र होंगे :

- किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) : शैक्षणिक–सत्र 2019–20 की विधिमान्य केवीपीवाई अध्येतावृत्ति (फेलोशिप) वाले छात्र ।
- आईआईटी–जेईई (एड्वांस्ड): आईआईटी–जेईई (एड्वांस्ड) 2019 परीक्षा के शीर्ष 10000 छात्र।
- राज्य एवं केन्द्रीय बोर्ड (एससीबी): वेबसाइट www.iiseradmission.in/eligibility में विनिर्दिष्टानुसार कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कट–ऑफ अंक अथवा अधिक अंक पाने वाले छात्र। एससीबी चैनल से प्रवेश हेतु आवेदन करने वाले छात्रों को आईआईएसईआर पात्रता परीक्षा (आईएटी) उत्तीर्ण करना होगा। आईएटी 2019 परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होगी और इसका आयोजन जून 2019 के दौरान संभावित है। इसकी मॉक–परीक्षा के लिए आईआईएसईआर प्रवेश संबंधी वेबसाइट देखें।

केन्द्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थानों में सीट आरक्षण संबंधी भारत सरकार के नियमों का पालन किया जाएगा ।

- अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट www.iiserbadmission.in देखें।

छात्रवृत्ति

- केवीपीवाई चैनल से प्रवेश लेने वाले छात्र केवीपीवाई नियमावली अनुसार छात्रवृत्ति के पात्र होंगे ।
- आईआईटी–जेईई (एड्वांस्ड) एवं एससीबी चैनल से प्रवेश लेने वाले छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की नियमावली अनुसार सीमित इंस्पायर अध्येतावृत्ति के पात्र होंगे ।

आवेदन संबंधी अनुदेश–पोर्टल खुल चुका है

- प्रवेश हेतु आवेदन वेबसाइट www.iiseradmission.in /apply के माध्यम से केवल ऑनलाइन जमा करें ।
- आवेदन प्रारूप भरने के लिए कृपया अनुदेशों एवं अन्य संबंधित जानकारी (वेबसाइट पर उपलब्ध) को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
- कृपया वेबसाइट में दिए गए सामान्यतया पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) को आवेदन प्रारूप भरने से पूर्व ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
- अप्रतिदेय आवेदन शुल्क ₹2000 (अजा/अजजा एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए ₹1000) है।

संपर्क :

किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अध्यक्ष, संयुक्त प्रवेश समिति 2019 को संपर्क करें।

फोन: +91 755 269 2500 (सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक)

ईमेल: ask-jac2019@iiserb.ac.in **वेबसाइट:** www.iiseradmission.in